an>

Title: Need to take over the management of Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Medical Sciences, Lucknow from the Govt. of Uttar Pradesh. .

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट की तरफ दिलाना चाहता हूं। वहां के कुलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल हैं और एसजीपीआई के डायरेक्टर की पोस्टिंग की अथोरिटी भी हैं। इस संस्थान में डाक्टर्स के कई पद रिक्त हैं, जिनकी वजह से मरीजों का अच्छी तरह से इलाज नहीं हो पा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन अब यह संस्थान आ गया है इसलिए लोकल राजनीति के चक्कर में फंस कर इस संस्थान में डाक्टर्स के पद रिक्त पड़े हैं और उन्हें भरा नहीं जा रहा है। पूरे देश के अंदर कई ऐसे संस्थान हैं, जहां अच्छे डाक्टर्स की जरूरत है, अतः मेरी मांग है कि वहां जल्द से जल्द डाक्टर्स की पोस्ट्स को भरा जाए, जिससे लोगों का इलाज हो सके।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Kunwar Pushpendra Singh Chandel are allowed to associate with the matter raised by Shri Kaushal Kishore.